सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, 17 जनवरी 2024

प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने राजभवन में 'लोहड़ी उत्सव' के अवसर पर राजभवन में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को कंबल वितरित किए। उद्यान विभाग और पीडब्ल्यूडी विभाग के इन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को कंबल वितरित करते हुए श्रीमती गुरमीत कौर ने सभी को लोहड़ी उत्सव के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने ठंड के मौसम में सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी।

श्रीमती गुरमीत कौर ने कहा कि राजभवन परिसर को साफ और हरा–भरा रखने में इन कर्मियों की बहुत बड़ी भागीदारी है। उन्होंने सभी कर्मियों के कार्यों की सराहना की। इस दौरान प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने राजभवन स्थित गौशाला में गायों को रोटी खिलाई और उनकी पूजा भी की। कार्यक्रम में राजभवन में कार्यरत महिला अधिकारियों द्वारा प्रतिभा किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने विभिन्न मनोरंजन गतिविधियों का आनंद भी उठाया।

............0............